

## शिवा कुमारी

**परियोजना** - मसाला उत्पादन

**यूनिट** - शिवा मसाले

**प्लांट लोकेशन** - रामनगर शहरी क्षेत्र

**जिला** - पश्चिम चम्पारण





# मेहनत और ईमानदारी से मिली कामयाबी

## मसाला पैकिंग



**माना कि अंधेरा घना है, पर दिया जलाना कब मना है।**

मन में आस्था, विश्वास, उत्साह, कार्य के प्रति पूर्ण समर्पण और ईमानदारी की भावना से ओत-प्रोत होकर शिवा कुमारी ने मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना के तहत प्राप्त सहायता का सदुपयोग करते हुए रामनगर शहरी क्षेत्र में मसाला उत्पादन केन्द्र स्थापित किया। मार्केट का सर्वे करते हुए उन्होंने स्थानीय बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप अच्छी क्वालिटी के मसाले अच्छी पैकेजिंग के साथ लॉन्च किया। अनेक लोगों ने हतोत्साहित किया तो प्रोत्साहित करने वाले लोगों की भी कमी नहीं रही। शिवा कुमारी को सबसे अच्छा सहयोग और समर्थन अपने पति से मिला जिससे उनका उद्योग चल निकला। मसाले की पैकिंग के लिए उन्होंने गुजरात की एक कम्पनी के साथ टाईअप किया और इको फ्रेण्डली पैकेट में पैकिंग प्रारंभ किया जिससे उनका कारोबार और बढ़ा। शिवा कुमारी इन सबसे उत्साहित हैं और अपने प्लांट के विस्तार पर काम कर रही हैं। वह कहती हैं कि समस्याओं से घबड़ा कर काम छोड़ना या रूक जाना मुर्खता है। चलते रहने से हीं कामयाबी मिलती है। मेहनत और ईमानदारी कामयाबी के दो सूत्र हैं। इन्हीं के बल पर आगे बढ़ी हूँ और बढ़ते रहने के लिए संकल्पित हूँ।

CamScanner